# दिव्य आभा के साथ निकली गोरक्षपीठाधीश्वर की विजयादशमी शोभायात्रा



गोरखपुर, सत्य, न्याय और धर्म की विजय के महापर्व पर मंगलवार शाम गोरक्षपीठाधीश्वर की पारंपरिक 'विजयादशमी शोभायात्रा' आस्था से उमंगित-तरंगित लहरों पर सवार होकर निकली। दिव्यता व भव्यता से परिपूर्ण इस शोभायात्रा के मार्ग में निरंतर पुष्पवर्षा सामाजिक एकता की सुगंध बिखेर रही थी। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली इस शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह से भावपूर्ण स्वागत किया। फूलों से सजे रथ पर पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का सर्वसमाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने उन्हें आशीर्वाद दिया, उनके मंगलमय जीवन की कामना की और नौ दिन तक चले शारदीय नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया।मंगलवार को गोरक्षनगरी में शिवावतार गुरु गोरखनाथ जी की पूजा से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राजतिलक तक, विजयादशमी की ऐतिहासिक परंपरा जीवंत हुई। नाथ संप्रदाय की विश्व प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के कई अनुष्ठान और परंपराएं अद्भुत हैं। इन्हीं में से एक प्रमुख परंपरा है विजयादशमी की शोभायात्रा। शाम करीब साढ़े चार बजे गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का पूजन कर और उनका आशीर्वाद लेकर सीएम योगी रथ पर सवार हुए। इस दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। नागफनी, तुरही, नगाड़े, डमरू दल व बैंड बाजे की धुन और हनुमान दल के बालकों के हैरतंगेज करतब के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। पूरे रास्ते दोनों किनारे पर श्रद्धा से भाव विभोर लोग गोरक्षपीठाधीश्वर की एक झलक पाने को आतुर नजर आ रहे थे।

### गोरक्षपीठाधीश्वर ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

गोरखपुर, गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी (दशहरा) के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ जी का विशिष्ट पूजन-अनुष्ठान किया। विशेष पारंपरिक परिधान में सीएम योगी ने गोरक्षपीठ की परंपरा का अनुसरण करते हुए मंगलवार सुबह विधि-विधान से महायोगी गोरखनाथ जी की पूजा-आराधना कर चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। गोरक्षपीठ में विजयादशमी का विशिष्ट अनुष्ठान दो घंटे से अधिक समय तक चला। विशिष्ट पूजन की शुरुआत गोरखनाथ मंदिर में शक्तिपीठ से हुई, जहां शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से ही जगतजननी आदिशक्ति की आराधना के अनुष्ठान चल रहे थे। शक्तिपीठ में वेदी पूजन तथा लोकमंगल की प्रार्थना करने के बाद सीएम योगी मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ व अन्य साधु-संतों के साथ, संस्कृत विद्यापीठ के आचार्यगण व वेदपाठी छात्रों के वैदिक मंत्रोच्चार, शंख, डमरू, घंट, तुरही की गूंज के बीच गुरु गोरखनाथ जी के मुख्य मंदिर के गर्भगृह में पहुंचे।

### एंबुलेंस के लिए सीएम योगी ने रुकवाई विजयादशमी शोभायात्रा

गोरखपुर। विजयादशमी के पावन पर्व पर नाथपंथ के विश्व प्रसिद्ध केंद्र गोरक्षपीठ से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय ने मानवता की सेवा का आदर्श प्रस्तुत किया है। उनके निर्णय ने यह संदेश भी दिया कि किसी भी परंपरा से पहले किसी की जिंदगी बचाना सबसे जरूरी है। विजयादशमी शोभायात्रा के दौरान गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से आगे श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और सख्त सुरक्षा घेरे के बीच जैसे ही एक एंबुलेंस का सायरन सुनाई दिया, मुख्यमंत्री ने परंपरा और प्रोटोकॉल से ऊपर मानवीय जीवन को प्राथमिकता देते हुए शोभायात्रा को तुरंत रुकवा दिया।

# लखनऊ कोर्ट में आज पेश की जा सकती है श्रद्धा

## नागपुर से बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश उर्फ तनवीर को भी पकड़ा गया

लखनऊ-कारोबारी शिवा शर्मा काफी वक्त लगा। इस वजह से मंगलवार



हत्याकांड में श्रद्धा दुबे को मंगलवार को नागपुर से गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी में साथ में उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश उर्फ तनवीर को भी पकड़ा गया। लखनऊ पुलिस, एसटीएफ और नागपुर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में ये कार्रवाई की गई। तीनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का ईनाम घोषित था। पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड के लिए बुधवार को तीनों आरोपियों को नागपुर कोर्ट में पेश किया और उसके बाद उनको लेकर लखनऊ रवाना हुई। उधर नामजद आरोपी आमिर की भी गिरफ्तारी की चर्चा है लेकिन इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है ।गिरफ्तारी के बाद की प्रक्रिया में को पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के लिए कोर्ट में पेश नहीं कर सकी। इसलिए रात को नागपुर के हुडकेश्वर थाने में तीनों को रखा। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे आरोपियों को में पेश किया गया। ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद पुलिस आरोपियों को लेकर रवाना हो सकी। पुलिस उनको लेकर बृहस्पतिवार सुबह तक लखनऊ पहुंच सकती है। यहां भी उनको कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी ।पुलिस ने तीनों पर ईनाम घोषित कर गैर जमानती वारंट जारी कराया था। आरोपी पुलिस को कदम-कदम पर मात दे रहे थे। पुलिस के लिए आरोपियों की गिरफ्तारी करना चुनौती बन गया था। इसलिए साथ में यूपी एसटीएफ को भी लगाया गया था। सोमवार रात आरोपियों की लोकेशन नागपुर की तरफ मिली। इसके बाद टीमें रवाना हुईं। ट्रेस करते-करते मंगलवार दोपहर लखनऊ पुलिस

### दस दिन छकाने के बाद चढ़ी पुलिस के हत्थे

और एसटीएफ ने नागपुर पुलिस की मदद से प्रोजोन पॉम्स अपार्टमेंट, नागपुर के स्प्लेंडर-टू टॉवर के एस-2, 1103 नंबर फ्लैट में दबिश दी। फ्लैट में श्रद्धा दुबे, रश्मि और ड्राइवर दानिश मिले। पुलिस ने तत्काल तीनों की गिरफ्तारी की ।शातिर श्रद्धा दुबे ने पुलिस को दस दिनों तक छकाया। श्रद्धा अपनी बहन और ड्राइवर के साथ करीब 2200 किमी का सफर किया। होटलों व लॉज में ठहरीं। वह आगे आगे चल रही थीं और उनके पीछे-पीछे पुलिस खाक छानती रही। आठ से दस ऐसे ठिकाने हैं जहां से पुलिस के पहुंचने के पांच-छह घंटे पहले ही ये तीनों निकल जाते थे। यही वजह है कि पुलिस की नाकामी की कहानी बढ़ती गई। 11वें दिन जाकर पुलिस उस तक पहुंच सकी ।वारदात की रात यानी 9 अक्टूबर को श्रद्धा अपनी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश के साथ घायल शिवा को लेकर केजीएमयू पहुंची थीं। फिर यहीं से वह निकल गई थी। लखनऊ से सीधे वह सीतापुर महमूदाबाद होते हुए बहराइच पहुंची। यहां रुपईडीहा बॉर्डर पार कर नेपाल में दाखिल हो गई थी। पुलिस के मुताबिक नेपाल के बुटवल में गई। यहां बिना आईडी वाले एक होटल में रुकी। तभी पुलिस को उसके नेपाल जाने की सूचना मिल गई थी।

# पिछले एक वर्ष में यूपी के छह जवानों समेत 154 पुलिसकर्मी शहीद

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले एक वर्ष में देशभर में 154 पुलिसकर्मियों ने कर्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी। इनमें उत्तर प्रदेश के छह पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक सत्यभान सिंह, उपनिरीक्षक मोहित कुमार यादव, आरक्षी अशोक कुमार, आरक्षी प्रदीप कुमार, फायर सर्विस चालक वीरपाल सिंह और फायरमैन मोहित कुमार शामिल हैं। वर्ष 2017 के बाद अपराध के विरुद्ध अभियानों में उत्तर प्रदेश के 18 पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं और 1,953 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। शहीद इंस्पेक्टर सुनील कुमार को इस वर्ष मरणोपरांत राष्ट्रपति वीरता पदक प्रदान किया गया है। पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत शहीदों के आश्रितों को अब तक 425 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी जा चुकी है। शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों का सम्मान और उनकी सहायता सरकार का दायित्व है। पुलिसकर्मियों का बलिदान यह याद दिलाता है कि नागरिकों की सुरक्षा और कानून का राज स्थापित करने के लिए वे किस स्तर तक समर्पण करते हैं ।मुख्यमंत्री ने पुलिस व्यवस्था में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश के सात बड़े शहरों में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू की जा चुकी है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस के पास एक साथ केवल 6 हजार पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता थी। पिछले नौ वर्षों में इसे बढ़ाकर 60 हजार किया गया है। प्रदेश में बिना पक्षपात और लेनदेन के 2.26 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई है, जबकि 35 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। पुलिस में महिला कार्मिकों की संख्या 10 हजार से बढ़कर 45 हजार हो गई है। कुशल खिलाड़ी योजना के तहत एक हजार पदक विजेता खिलाड़ी उत्तर प्रदेश पुलिस की वर्दी पहनकर सेवा दे रहे हैं। एशियन गेम्स में एथलेटिक्स की पारुल चौधरी, कबड्डी के अर्जुन देशवाल, क्रिकेट की दीप्ति शर्मा और हॉकी के राजकुमार पाल जैसे खिलाड़ियों ने पदक जीतकर देश और उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन किया है।

### 15 हजार की रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने दबोचा

लखनऊ ।योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने सहारनपुर में बड़ी कार्रवाई की है। संगठन की सहारनपुर इकाई ने तहसील सदर में तैनात राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है ।जानकारी के अनुसार ग्राम महेश्वरी कला थाना चिलकाना निवासी मो0 तारिक ने एंटी करप्शन संगठन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी कृषि भूमि की पैमाइश करने के एवज में राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है ।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने जाल बिछाया। 21 अक्टूबर को इंस्पेक्टर कुशलवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने तहसील परिसर स्थित लेखपाल कार्यालय कक्ष नंबर-12 में छापा मारा और राजस्व निरीक्षक को शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया ।गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार निवासी ग्राम जबीरन थाना सरसावां तहसील नकुड़ जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। वह वर्तमान में तहसील सदर में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात था।

# समाज को बांटने वालों को योगी की चेतावनी

गोरखपुर, गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया में मुस्लिम से मुस्लिम, कम्युनिस्ट से कम्युनिस्ट और क्रिश्चियन से क्रिश्चियन लड़ रहे हैं, जबकि भारत सनातन की छाया में हर जाति, संप्रदाय, मत और मजहब को सुरक्षा देने के साथ बिना भेदभाव समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांटने वालों पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे लोगों के अंदर रावण की आत्मा आ गई है। जिन लोगों को भारत की एकता और मजबूती से परेशानी है, वही लोग आज भारत के बारे में दुष्प्रचार कर रहे हैं। ये ताकतें भारत के अंदर भी हैं और भारत के बाहर से भी प्रायोजित हैं ।सीएम योगी मंगलवार शाम मानसरोवर रामलीला मैदान में श्री श्री रामलीला समिति, आर्यनगर की तरफ से आयोजित प्रभु श्रीराम के राजतिलक समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज को बांटने वाली ताकतों की साजिश से जब भारत कमजोर होता है, तब कोई राम जन्मभूमि, कृष्ण जन्मभूमि या काशी विश्वनाथ का मंदिर अपमानित होता है। जब भारत कमजोर होता है, तब कोई सोमनाथ का मंदिर तोड़ा जाता है, लूटा जाता है, नारी गरिमा तार-तार होती है। इसके इतर जब भारत मजबूत होता है, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जैसा यशस्वी नेतृत्व प्राप्त होता है।

### संवेदनशील व्यवहार के साथ करें हर पीड़ित की सहायता- सीएम

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सबकी समस्या का समाधान करते हुए जन कल्याण और नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार का संकल्प है। सरकार के इस संकल्प के अनुरूप हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार करते हुए समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ।गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं।

# यूपी एमएलसी चुनाव की 11 सीटों पर थमा चुनाव प्रचार

## 23 अक्टूबर को मतदान, मैदान में 152 प्रत्याशी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज (बुधवार को) शाम चार बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों के लिए 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जाएगा। इन सभी सीटों पर चुनाव मैदान में 152 प्रत्याशी रह गए हैं। इनमें पांच स्नातक और छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, चुनाव में कुल 14,81,310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ से 16, वाराणसी से 24, आगरा से 13, मेरठ से आठ और इलाहाबाद-झांसी से 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रत्याशियों की संख्या के लिहाज से वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र सबसे आगे है, जबकि लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 3,13,531 मतदाता हैं। छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ से 13, वाराणसी से 10, आगरा से 12, मेरठ से 10, बरेली-मुरादाबाद से 17 और गोरखपुर-फैजाबाद से 16 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान के लिए प्रदेशभर में कुल 2,697 मतदान स्थल बनाए गए हैं। इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में 1,740 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 957 मतदान स्थल शामिल हैं। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों का जोर मतदाताओं तक पहुंचने और मतदान के दिन अपने पक्ष में समर्थन जुटाने पर रहेगा। 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान में मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

### संजय निषाद का अल्टीमेटम, आरक्षण पर फैसला करो, वर्ना देखेंगे दूसरा दरवाजा

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक समीकरणों के बीच भारतीय जनता पार्टी के लिए अपने ही सहयोगी दल से मुश्किल खड़ी होती नजर आ रही है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में महासम्मेलन के दौरान निषाद पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद ने बीजेपी को कड़ी चेतावनी दी है। मछुआरा समाज के आरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने साफ कर दिया है कि यदि जल्द ही इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो उनकी पार्टी अन्य राजनीतिक विकल्प तलाशने पर मजबूर हो जाएगी। संजय निषाद ने कहा, ष्साथ तभी देंगे, जब आरक्षण की बात होगी। बीजेपी को जल्द निर्णय लेना होगा।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने की राजा भैया से मुलाकात

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संपर्क अभियान के तहत जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रमुख रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया से लखनऊ में उनके आवास पर मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार इस शिष्टाचार भेंट के दौरान 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। इसके अलावा नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के तहत चौधरी खुद पहल करते हुए सिंह के आवास पर पहुंचे, उन्होंने बताया कि मुलाकात सौहार्दपूर्ण रही। सात बार विधायक रह चुके श्री सिंह 1993 से प्रतापगढ़ जिले की कुंडा विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उन्होंने शुरुआत में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के फिलहाल दो विधायक हैं और दोनों प्रतापगढ़ जिले से हैं। कुंडा से श्री सिंह के अलावा, चार बार के विधायक विनोद सरोज बाबागंज विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। हालांकि उनकी पार्टी की विधायी ताकत सीमित है, लेकिन श्री सिंह ने अलग राजनीतिक पहचान बनाए रखी है और अलग-अलग समय पर विभिन्न दलों को समर्थन दिया है। उनकी पार्टी के कांग्रेस के समान दो विधायक हैं। कुंडा, बाबागंज क्षेत्र में अपने प्रभाव की वजह से वह अगले विधानसभा चुनाव से पहले एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय नेता के तौर पर देखे जा रहे हैं।

# गौशालाओं में गौजन्य उत्पादों को प्रोत्साहित किया जाये - धर्मपाल सिंह

लखनऊ,। दीपावली के पावन पर्व पर पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय रोजगार सृजन और गौशालाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश के सभी जनपदों की गौशालाओं में गोबर से बने दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल पूजन सामग्री तैयार कराने के लिए विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्य किये जाने के निर्देश दिए हैंउन्होंने कहा कि गौजन्य पदार्थों का सदुपयोग कर



उपयोगी उत्पाद तैयार करने से गौशालाओं की आय बढ़ाने के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान की जा सकती है,दीपावली के अवसर पर गोबर से बने दीयों और पूजन सामग्री को प्रोत्साहित करने से प्राकृतिक संसाधनों के सदुपयोग तथा पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों के प्रति जनजागरूकता बढ़ेगी,इससे गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी,श्री सिंह ने बुधवार को विधान भवन स्थित कक्ष संख्या 80 में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाये जाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये,उन्होंने कहा कि गौशालाओं में गोबर आधारित उत्पादों के निर्माण में स्थानीय कारीगरों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# भारतीय वायु सेना की 94वीं वर्षगांठ पर वाराणसी में 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो



वाराणसी, भारतीय सेना और वायु सेना के शौर्य, साहस और सामरिक क्षमता का प्रदर्शन करने वाले एयर शो 'विंग्स ओवर गंगा' को लेकर योगी सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। वाराणसी में 22, 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस आयोजन में 15 से 20 लाख लोगों के आने का अनुमान है। अंतिम दिन 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सेना और वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोगों का आना प्रस्तावित है। आसमान में जहां वायु सेना के विमान अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, वहीं जमीन पर उत्तर प्रदेश पुलिस यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा की कमान संभालने के लिए तैयार है। सरकार ने दर्शकों को सुरक्षित तरीके से घाटों तक पहुंचाने, आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने और कार्यक्रम के बाद उन्हें सकुशल घर वापस जाने का पूरा प्लान बना लिया है। पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिश्नरेट मोहित अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार से शुरू हो रहे एयर शो की सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती बढ़ाने के साथ अस्थायी पुलिस थाने स्थापित किये गए हैं।

# चुनाव आयोग ने पीलीभीत में 13150 लोगों के नाम बदल दिये-राजेंद्र गौतम

## दिल्ली में जो लड़ाई शुरू हुई,वह अब यूपी में भी होगी-आराधना मिश्रा

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने बुधवार को चुनाव आयोग पर जोरदार हमला बोलते हुये आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया के बाद चुनाव आयोग ने पीलीभीत सदर विधानसभा में 13150 लोगों के नाम बदल दिये। यह काम जुलाई से सितंबर के बीच किया गया। उन्होंने कहा कि एसआईआर के फाइनल ड्राफ्ट में जिन लोगों के नाम दर्ज थे, उनका एपिक नंबर तो वही रहने दिया गया, लेकिन नाम बदल दिये गये। अब वह व्यक्ति जब पोलिंग बूथ पर जाएगा तो कैसे अपना वोट डालेगा, उसका नाम तो दिखाई ही नहीं देगा। उन्होंने कहा कि पीलीभीत सदर सीट पर ऐसे 2600 लोगों के नाम जोड़े गये हैं, जो वहां रहते ही नहीं हैं। एक ही विधानसभा में 16000 वोट एसआईआर के फाइनल ड्राफ्ट में बदले और काटे गये। फाइनल ड्राफ्ट के बाद यह बदलाव कैसे हुआ। इस दौरान पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता व सोशल मीडिया आईटी सेल की प्रभारी सीमा खन्ना की तस्वीर दिखाते हुये कहा कि इनके खिलाफ मोर्चा खोला जायेगा। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि निर्वाचन आयोग के खिलाफ जो लड़ाई दिल्ली में शुरू हुई है, वह अब उत्तर प्रदेश में भी शुरू होगी। हम एक जिम्मेदार राजनीतिक दल होने के नाते ऐसा नहीं होने दे सकते हैं। मतदाता सूची से नाम गायब होने का मुद्दा गंभीर है और पहले इस तरह की स्थिति के बारे में केवल चुनाव के अंतिम समय में सुनने को मिलता था। उन्होने कहा कि वोटर आईडी कार्ड होने के बावजूद मतदान के दिन वोटर का नाम सूची में नहीं मिलना चिंता का विषय है। इस मुद्दे पर कानूनी राय ली जाएगी। पार्टी का कार्यकर्ता, संगठन और पूरा कैडर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्तियों के खिलाफ लड़ाई लड़ेगा। उन्होने एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त और उनकी टीम की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद इमरान मसूद ने मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाना किसी एक राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।




इंचार्ज सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि अभी तो यह केवल एक विधानसभा की बात है जबकि बाकी की विधानसभा में भी हम यह पहचान कर रहे हैं। उन्होने कहा कि एसआईआर के फाइनल ड्राफ्ट के बाद यह सब बदलाव सॉफ्टवेयर से हुये। अधिकांश बदलाव एक खास समुदाय के हैं और पुरुषों के हैं। उन्होने आवाहन किया कि हर कार्यकर्ता और जनता एपिक नंबर को देखें और सुनिश्चित करें कि उसका नाम न बदला गया हो। अगर नाम बदला गया है तो कांग्रेस से संपर्क करिए। उन्होने कहा कि अगर डीएम और एसडीएम इसमें शामिल नहीं हैं तो उन्हें सामने आकर अपनी बात रखनी चाहिए। उन्हें साफकरना चाहिए कि किसने ऐसा किया है। उन्होने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और

### पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने छोड़ी बीजेपी

लखनऊ,। बदायूं में 2017 में भाजपा से चुनाव लड़कर प्रदेश में सबसे कम उम्र में विधायक बनने वाले कुशाग्र सागर ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। करीब 11 वर्षों तक भाजपा से जुड़े रहे कुशाग्र ने फेसबुक पर पोस्ट कर इसे आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने की नई शुरुआत बताया। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब उनके चुनावी प्रतिद्वंद्वी और सपा विधायक आशुतोष मौर्य की भाजपा से बढ़ती नजदीकियों को लेकर अटकलें तेज हैं ।राजनीतिक हलकों में कुशाग्र के फैसले को केवल संगठन छोड़ने के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसके पीछे बिसौली की बदलती सियासी परिस्थितियों को भ एक संभावित वजह माना जा रहा है। कुशाग्र ने अपने इस्तीफे में किसी नेता का नाम नहीं लिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के आशुतोष मौर्य ने कुशाग्र सागर को करीब 1,834 मतों से हराया था। इसके बाद राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग और अब भाजपा के कार्यक्रमों में उनकी खुली भागीदारी को लेकर जिले में राजनीतिक चर्चाएं तेज होने लगी थीं ।कुशाग्र सागर ने 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर बिसौली सुरक्षित सीट से जीत दर्ज कर पहली बार विधानसभा में प्रवेश किया था।

# अफसर पॉलीटिकल वर्कर न बने नहीं तो जेल जायेंगे-अखिलेश

## विकास दुबे की गाड़ी नहीं पलटी, बल्कि सरकार बचाई गई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री



अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बिना किसी हेराफेरी और धांधली किये कोई भी चुनाव नहीं जीत सकती है। शिक्षक-स्नातक निर्वाचन में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को डराने-धमकाने और बेईमानी करने के काम दिए जा रहे हैं। डीआईओएस और बीएसए फोन से शिक्षकों को धमका रहे है। पर्याप्त प्रमाण होने पर यही उनको जेल भेजने का पर्याप्त आधार बनेगा। चुनाव आयोग रखवाली करे कि हेराफेरी न हो, चुनाव निष्पक्ष रहे। अधिकारी अधिकारी रहे, पोलिटिकल वर्कर न बने, नहीं तो जेल जाएंगे। सरकार में बदलाव हुआ तो शिक्षा विभाग में जो लूट मची है उसमें लिप्त लोगों का जेल जाना तय है। उन्होने कहा कि वोटर लिस्ट किसी के पास नहीं है परन्तु भाजपा के मंत्रियों के पास है, उनके नेताओं के पास है। उन्हें कैसे मिल गई, किसी कम्पनी को हायर किया होगा। तभी मंत्री के वायस से कॉलिंग हो रही है। यह बिना डेटा हासिल किए नहीं हो सकता है। कार्यकर्ता सावधान और सतर्क रहें। भाजपा का काम धांधली करने का है। हमारे पास अयोध्या, फैजाबाद के चुनावों की रिकॉर्डिंग है। वायस कॉलिंग को भी रिकॉर्ड कर लें। यह बातें उन्होने बुधवार को मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सोनू कनौजिया के पिता जी स्व. राम गोपाल कनौजिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त कीं। इस दौरान श्री यादव ने स्नातक क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने और उनकी मदद करने की भी अपील की। श्री यादव ने कहा कि सच्चाई तो यह है कि बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाने वाले देश के सबसे बड़े दुश्मन है। इन्होंने बैंक डुबो दिए। किसान की आय दुगनी नहीं हुई, उसे गरीब बनाया। ये जो एलडीए विभाग है, ये करप्शन का विभाग है। ये पैसा इकट्ठा करता है। इसे भाजपा के लोगों ने भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। सरकार अपने को गिरने से बचा रही है। विकास दुबे की गाड़ी नहीं पलटी, सरकार बचाई गई। भाजपाई सिर्फअपनी सरकार बचाने में श्रद्धा रखते हैं। जांच में कई अधिकारियों और लोगों के नाम आ सकते है। उन्होने कहा कि जो भेदभाव करता है वह सनातनी नहीं हो सकता है। जो सच नहीं बोलता, जिसे दूसरों के प्रति प्रेम नहीं है वह सनातनी कैसे हो सकता है। भाजपाई तो श्रद्धा और आस्था दोनो से ही खिलवाड़ कर देते हैं। उन्होने कहा कि खुद मुख्यमंत्री जी की कुर्सी सुरक्षित नहीं है। जनता इस बार मुख्यमंत्री जी की कुर्सी छीनने जा रही है।

### सपा समर्पित उम्मीदवारों को की जिताने की अपील

### अखिलेश ने प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के राज्य मुख्यालय से विधानसभा चुनावों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए मॉडल के रूप में तैयार हाईटेक एलईडी वैनों और प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री यादव ने नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। महराजगंज जिले की 317 सिसवा विधानसभा क्षेत्र के लिए तैयार इन एलईडी वैनों और प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार, जाप, पूजा हुई और ब्राह्मणों द्वारा शंख ध्वनि से चुनाव का आगाज किया गया। मनोज टिबड़ेवाल ने पूजा सम्पन्न किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी,पूर्व मंत्री सुशील टिबड़ेवाल, सुनील सिंह, राजेश यादव, शमसुद्दीन अली व महातम यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।